BABASAHEBBHIMRAOAMBEDKAR
BIHARUNIVERSITY,MUZAFFARPUR
PIN-842001(BIHAR)
Website:-www.brabu.net

Ref:..................... Date:..........................

**PRINTMEDIACOVERAGEONB.R.A.BIHARUNIVERSITYNEWSCOM PILEDBYMEDIACELL(25.01.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 25.01.2025, PAGE-06**

# पैट का रोस्टर सुधरा, 27 तक जारी होगा रिजल्ट

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में पैट 2022 का रोस्टर ठीक कर लिया गया है। रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे ठीक कर लिया गया। रजिस्ट्रार ने बताया कि सोमवार तक रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा।

इससे पहले रोस्टर में पाई गई विसंगतियों को दूर करने के लिए कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सारी विसंगतियों को दूर किया गया। पैट के रोस्टर में एससी-एसटी और ओबीसी की सीटों को जेनरल में बदल दिया गया था। रजिस्ट्रार ने रोस्टर की जांच में इसे पकड़ा था। इसके बाद रोस्टर को ठीक करने के लिए रोस्टर कमेटी की बैठक दोबारा की गई थी। पैट 2022 के फाइनल रिजल्ट का इंतजार सितंबर से किया जा रहा है। 30 जुलाई को लिखित रिजल्ट आने के बाद इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू हुई थी। पैट की लिखित परीक्षा में पहले सिर्फ 12 प्रतिशत छात्र पास हुए थे, लेकिन उसके बाद फिर से रिजल्ट सुधार का काम हुआ तो पास करने का प्रतिशत बढ़ गया।

# विवि व आंख अस्पताल के बीच हुआ करार

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि और एएसजी आई हॉस्पिटल के बीच शुक्रवार को करार हुआ। वीसी प्रो. डीसी राय और हॉस्पिटल के केंद्रीय प्रबंधक रंजीत कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसका मुख्य उद्देश्य विवि के पदाधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षेकेत्तर कर्मियों को नेत्र जांच की सुविधा प्रदान करनी है। इसके अनुसार, सप्ताह में प्रत्येक बुधवार और शनिवार को अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ व उनकी टीम विवि के स्वास्थ्य केंद्र पर नेत्र जांच सहित अन्य सुविधा प्रदान करेगी। सीजीएचएस रेट पर इलाज होगा।

# BABASAHEBBHIMRAOAMBEDKAR

**BIHARUNIVERSITY,MUZAFFARPUR**

**PIN-842001(BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:25.0.2025**
**PAGE-06**

## स्नातक विशेष परीक्षा का फरवरी में आएगा रिजल्ट

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर** : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय प्रशासन अगले सप्ताह स्नातक की विशेष परीक्षा का परिणाम जारी करेगा। एक-दो विषयों को छोड़कर शेष कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका का टेबुलेटिंग शुरू है। शैक्षिणक सत्र 2019-22, 2020-23, 2021-24 और 2022-25 के फेल, प्रमोटेड या किसी कारण परीक्षा से वंचित हुए छात्र इसमें शामिल हुए थे। नवंबर-2024 में यह परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसमें करीब 20 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। फेल,प्रमोटेड और अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा पांच जिलों के 12 केंद्रों पर ली गयी थी।

**PRABHAT KHABAR**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:25.1.2025**
**PAGE-04**

## विवि : अगले सप्ताह पैट का परिणाम आयेगा

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू से पीएचडी एडमिशन टेस्ट-2022 में सफल हुए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के बाद फाइनल रिजल्ट अगले सप्ताह जारी कर दिया जाएगा. विभागों की ओर से रिक्ति भी विवि को उपलब्ध करा दी गयी है. ऐसे में परिणाम जारी होते ही विभागों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी.

## बीएड कॉलेजों की ऑडिट

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के सभी बीएड कॉलेजों की ऑडिट की जाएगी. इसको लेकर कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने सभी बीएड कॉलेजों को स्वयं पत्र भेजा है. सभी बीएड कॉलेज तीन वर्षों के बैंक खाते का ब्योरा, आय-व्यय का रिकॉर्ड समेत अन्य दस्तावेत उपलब्ध कराएं.

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.01.2025, PAGE-04**

### नामांकन व परीक्षा शुल्क के नाम पर डिग्री कॉलेजों की मनमानी

# परीक्षा की सुगबुगाहट भी नहीं कॉलेज लेने लगे मनमानी फी

**स्नातक तृतीय वर्ष**

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के डिग्री कॉलेजों की मनमानी जारी है. यहां छात्र-छात्राओं को नामांकन, परीक्षा फॉर्म भरने के नाम पर मनमानी फी वसूली जा रही है. विश्वविद्यालय से स्नातक सत्र 2022-25 के तृतीय वर्ष की परीक्षा को लेकर अभी कोई सुगबुगाहट भी नहीं है. इधर, कॉलेजों ने परीक्षा फॉर्म भरने के नाम पर मोटी फी वसूल करना शुरू कर दिया है. छात्र-छात्राओं ने कुलपति से इसकी शिकायत की है. मोतीपुर के एक डिग्री कॉलेज का पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है. इसमें 25 जनवरी को तृतीय सत्र में नामांकन व परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बतायी गयी है.

वहीं सीतामढ़ी, वैशाली और बेतिया के भी डिग्री कॉलेजों की ओर से विवि की अधिसूचना के बिना ही परीक्षा फॉर्म के नाम पर शुल्क वसूलने की शिकायत की गयी है. विवि ने इसपर संज्ञान लिया है. कहा गया है कि संबंधित कॉलेज से इसका कारण पूछा जाएगा. परीक्षार्थियों से नामांकन व परीक्षा मद में विश्वविद्यालय से निर्धारित शुल्क ही लिया जाना है. यदि कॉलेज अधिक शुल्क लेते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. छात्र-छात्राओं को कहा गया है कि यदि कॉलेज में अधिक शुल्क की मांग की जाती है तो इसकी शिकायत करें.

## स्नातक की विशेष परीक्षा का रिजल्ट अगले सप्ताह होगा जारी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से अगले सप्ताह स्नातक की विशेष परीक्षा का रिजल्ट जारी किया जायेगा. एक-दो विषयों को छोड़कर शेष कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है. उनकी टेबुलेटिंग शुरू हो गयी है. विद्यार्थियों की संख्या कम होने के कारण शीघ्र ही इस कार्य को पूरा कर लिया जायेगा. सत्र 2019-22, 2020-23, 2021-24 और 2022-25 में फेल, प्रमोटेड या किसी कारण परीक्षा से वंचित हुए छात्र इसमें शामिल हुए थे. नवंबर-2024 में यह परीक्षा आयोजित की गयी थी. इसमें 20 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे. विवि से बताया गया कि जनवरी में इसका रिजल्ट जारी हो जायेगा. साथ ही अगले महीने द्वितीय वर्ष का परीक्षा फॉर्म भरा जायेगा.

बता दें कि 2023 सत्र से विवि में स्नातक में चार वर्षीय कोर्स शुरू हो गया. इसमें सेमेस्टर सिस्टम में परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं. ऐसे में पूर्व के वर्षों में फेल, प्रमोटेड व अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए यह विशेष परीक्षा पांच जिलों के 12 केंद्रों पर ली गयी थी. विवि से बताया गया कि वार्षिक सिस्टम में यह स्नातक प्रथम वर्ष का आखिरी परीक्षा थी.

**Ref:....................** **Date:..........................**

**VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR, DATE:25.01.2025, PAGE-05**

## बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय तथा ए. एस. जी. आई हॉस्पिटल मुजफ्फरपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन किया गया





**कोमल शाही ( विश्व गुरु भारत )**

मुजफ्फरपुर। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय तथा ए. एस. जी. आई हॉस्पिटल मुजफ्फरपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन किया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय और ए. एस. जी. हॉस्पिटल के केंद्रीय प्रबंधक श्री रंजीत कुमार जी के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए नेत्र जॉच और चिकित्सीय सुविधा प्रदान करना है। समझौते के अनुसार सप्ताह में प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नेत्र विशेषज्ञों और उनकी टीम के द्वारा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र पर नेत्र जांच तथा उससे संबंधित दवाइयां और अन्य सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी। विशेष आवश्यकता की स्थिति में ए. एस. जी. हॉस्पिटल में सी.जी.एच.एस. रेट पर मरीजों का इलाज किया जाएगा। इस प्रकार के समझौता ज्ञापनो से विश्व. विद्यालय कर्मियों को लाभ होगा। गैर विश्वविद्यालयी लोगों को भी अत्यंत कम शुल्क पर चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। निश्चित रूप से माननीय कुलपति जी की दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय में चिकित्सीय सुविधा स्थापित कर एक आवश्यक और सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो विनय शंकर राय, अस्पताल के जोनल प्रबंधक श्री विमल कुमार, एरिया प्रबन्धक श्री राजन कुमार तथा विश्वविद्यालय की एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अंजली चंद्रा और डॉ अंकिता कुमारी की उपस्थिति रही।

**VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR, DATE:25.01.2025, PAGE-01**

## एलएनटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अवय कुमार सिंह छात्रों के समग्र रूप से विकसित करने का ध्यान रखते हैं




**कोमल शाही ( विश्व गुरु भारत )**

मुजफ्फरपुर। ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय (एलएनटी कॉलेज), मुजफ्फरपुर, बिहार में स्नातक पाठ्यक्रम कराया जाता है. यह कॉलेज साल 1967 में स्थापित हुआ था. पंडित ललित नारायण मिश्र ने इसकी परिकल्पना की थी. यह कॉलेज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त है।

**एलएनटी कॉलेज मुजफ्फरपुर से जुड़ी कुछ खास बातें:-**

इस कॉलेज में कई विभाग हैं।

यहां हिन्दी विभाग है।

इस कॉलेज में कंपनी सचिव संस्थान का अध्ययन केंद्र है।

इस कॉलेज में सामाजिक, शैक्षिक, नैतिक, सांस्कृतिक, और भावनात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा दी जाती है।

इस कॉलेज में छात्रों को उनकी पूरी क्षमता पर विश्वास दिलाने का मकसद है।

इस कॉलेज में छात्रों को समग्र रूप से विकसित करने में मदद की जाती।